>

Title: Need to include health fares in Parliamentary Constituencies and to increase the amount of financial assistance.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय, जनता को चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए संसद सदस्यों की भागीदारी जोड़ने की दृष्टि से एनडीए सरकार के समय संसद सदस्य क्षेत्रीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया था। आदरणीय सुषमा स्वराज जी के समय इन स्वास्थ्य मेलों का आयोजन प्रारंभ किया गया था और इसके लिए 8 लाख रुपये की राशि का प्रोविजन भी केन्द्रीय बजट से किया जाता था, जिसमें जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में मरीजों को लाया जाता था। उसमें यूनानी, ऐलोपैथी, होम्योपैथी आदि सारी चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ विकलांगों के केलीपर्स भी वहां पर लगाये जाते थे।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पुनः संसद सदस्यों के क्षेत्रों में उस तरह के स्वास्थ्य मेलों का आयोजन प्रारंभ किया जाये और जो 8 लाख रुपये की राशि बढ़ाकर 15 लाख रुपये का केन्द्रीय बजट संसद सदस्यों के क्षेत्रों में स्वीकृत किया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN:

Shri Arjun Ram Meghwal is allowed to associate with the issue raised by Shri Virendra Kumar.